**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 10.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><><><>

1. देशभर में पोषण पखवाड़ा के 8वें संस्करण का हुआ शुभारंभ–द्वीपसमूह में भी कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।
2. आयुष अस्पताल में 'ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर' से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष ओपीडी क्लिनिक का उद्घाटन किया गया।
3. आईलैंड फूड फेस्टिवल के स्टॉल के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई।
4. कैम्पबेल बे में एसबीआई आरसेती की ओर से 12 दिवसीय फास्ट फूड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कल नई दिल्ली में पोषण पखवाड़ा के 8वें संस्करण का शुभारंभ किया। इस वर्ष का विषय है – जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास। मंत्री ने कहा कि सरकार पोषण परिणामों को राष्ट्रव्यापी स्तर पर मजबूत करने के लिए राज्यों से सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान कर उन्हें व्यापक स्तर पर लागू करेगी। उन्होंने देश से एनीमिया और कुपोषण को समाप्त करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर पोषण ट्रैकर ऐप में एक नया फीचर होम विजिट शेड्यूलर भी शुरू किया गया। पखवाड़े के दौरान देशभर में आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए जागरूकता कार्यक्रम, पोषण से जुड़ी गतिविधियां और बच्चों के लिए खेल आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><><><>

आईसीडीएस परियोजना, रंगत मे कल 8वें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली को क्षेत्र के सहायक आयुक्त दीपांशु वोरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। समारोह के दौरान सहायक आयुक्त ने पोषण पखवाड़ा के व्यापक उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बाजरा और अन्य मोटे अनाजों से बने विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर प्रदर्शित किए। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा नवीन शिक्षण सहायक उपकरण और घरेलू सामानों का प्रदर्शन भी किया गया।

<><><><><><><><><>

विश्व होम्योपैथी दिवस के समारोह के हिस्से के रूप में, हाल ही में जंगलीघाट स्थित आयुष अस्पताल में 'ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर' से पीड़ित बच्चों के लिए एक विशेष ओपीडी क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। यह विशेष ओपीडी प्रत्येक बुधवार सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा। उद्घाटन अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक, डॉ. एच.एम. सिद्धराजू मुख्य अतिथि, सीआरसी ब्रुक्शाबाद की निदेशक सुमितामोल विशिष्ट अतिथि और आयुष के उप निदेशक, डॉ. कल्याण पी. कड़भाने उपस्थित थे। डॉ. एच.एम. सिद्धराजू ने आयुष द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए अभिभावकों से इस विशेष सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया। सीआरसी की निदेशक ने ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के व्यवहारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><><><>

दूरदर्शन ने नई दिल्ली में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य आईसीसीआर द्वारा उपलब्ध कराई गई सांस्कृतिक सामग्री की व्यापक पहुंच बढ़ाने के लिए दूरदर्शन के व्यापक टेलीविजन, रेडियो और डिजिटल नेटवर्क का लाभ उठाना है। मंत्रालय ने कहा कि आईसीसीआर सांस्कृतिक सामग्री और प्रदर्शन उपलब्ध कराएगा, जबकि दूरदर्शन टेलीविजन चैनलों, रेडियो नेटवर्क, ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेटफार्मों पर उनका प्रसारण और प्रसार करेगा। यह समझौता तीन साल की अवधि के लिए लागू रहेगा, जिसमें आपसी सहमति से विस्तार का प्रावधान है।

<><><><><><><><><>

भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, रियर एडमिरल आलोक आनंद ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की द्वीप समूह के समुद्री क्षेत्र में तैनाती को लेकर हुई है।

<><><><><>

पर्यटन विभाग, की ओर से 'स्वाद, संस्कृति और परंपरा का उत्सव' विषय के साथ आईलैंड फूड फेस्टिवल 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव प्रदर्शनी मैदान में 17 से 19 अप्रैल तक चलेगा। इस संबंध में खाने–पीने के स्टॉल और हस्तशिल्प की बिक्री व प्रदर्शन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल शाम 4 बजे तक बढ़ा दी गई है। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति, होटल व्यवसायी, रेस्तरां मालिक, एसएचजी, राज्य  सांस्कृतिक संघ और गैर सरकारी संगठन आवेदन कर सकते हैं। स्टालों का आवंटन लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा। विस्तृत नियम और शर्तों के साथ आवेदन पत्र सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग के संचालन अनुभाग में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><>

कैम्पबेल बे में एसबीआई आरसेती की ओर से 12 दिवसीय फास्ट फूड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कैम्पबेल बे के सहायक आयुक्त शिवम ताशी धवा ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को बधाई देते हुए अपने क्षेत्र या सार्वजनिक स्थानों पर फूड जॉइंट्स या कियोस्क स्थापित करने की सलाह दी। कार्यक्रम में कैम्पबेल बे पंचायत समिति प्रमुख, ई. एस. राजेश ने महिलाओं के आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने और राष्ट्र के आर्थिक विकास में भागीदार बनने के महत्व पर जोर दिया। विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की कुल 35 महिलाओं ने इस प्रशिक्षण के लिए अपना नामांकन कराया है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी शेखर राय, कैम्पबेल बे ग्राम पंचायत प्रधान रामेश्वरी, गोविंद नगर ग्राम पंचायत प्रधान जी. वेंकट राव और लक्ष्मी नगर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रहलाद सिंह भी उपस्थित रहे।

<><><><><>

आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समारोहों के हिस्से के रूप में, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की आयुष शाखा और अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसायटी की ओर से पूरे द्वीप समूह में उल्टी गिनती गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, हाल ही में बी.जे.आर. अस्पताल, कार निकोबार में योग प्रशिक्षक शिरोमणि कुमारी की देखरेख में प्रारंभिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सीएचओ, एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित कुल 40 क्षेत्रीय कर्मचारियों ने भाग लिया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को 'कॉमन योग प्रोटोकॉल', इसके स्वास्थ्य लाभों और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की गतिविधियों के दौरान अपनाई जाने वाली सही तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा।

<><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से परिवहन निदेशालय और राज्य परिवहन सेवा बस टर्मिनस में दो दिवसीय कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम और बाल सुरक्षा पर जानकारी देना था। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय, पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच के रजिस्ट्रार राशिद आलम ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 पर जानकारी देते हुए समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने पॉश अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज करने की प्रक्रियाओं और सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखने में आंतरिक शिकायत समिति की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। परिवहन उप निदेशक बी. बिनॉय ने इस पहल का स्वागत किया।

<><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, रंगलाल हलदर ने स्वास्थ्य सचिव से जी.बी. पंत अस्पताल के नए वार्ड में खराब पड़े पंखों की तत्काल मरम्मत और रखरखाव सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। श्री हलदर ने अपने लिखे पत्र में अस्पताल के वार्डों की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे मरीजों और कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

<><><><><>